# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया
(विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अन्तर्गत गठित)

## प्रेस–विज्ञप्ति

मा0 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशो के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया में पराविधिक स्वंयसेवको का चयन किया जाना है। जिस हेतु पूर्व में विज्ञापन जारी कर आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है।

माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के निर्देशानुसार उक्त पद हेतु आवेदको का साक्षात्कार **दिनांक 16.09.2026 को समय दिन के 02:00 बजे से** स्थान–दीवानी न्यायालय, देवरिया के परिसर में स्थित वीडियों कान्फ्रेंसिग भवन में सुनिश्चित किया गया है।

अतः उक्त के सन्दर्भ में पराविधिक स्वंय सेवको (पी0एल0वी0) के समस्त आवेदको को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 16.09.2026 को उक्त निश्चित समय पर दीवानी न्यायालय देवरिया** के परिसर में स्थित वीडियों कान्फ्रेंसिग भवन में अपने समस्त सम्बन्धित मूल अभिलेखो के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

तद्नुसार सभी सम्बन्धित सूचित हों।

दिनांक/देवरिया
सितम्बर, 3, 2026

भवदीय

(अर्चना–।। )
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/
सिविल जज (एस0डी0)
देवरिया।

प्रतिलिपिः–

1. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद व जनपद न्यायालय देवरिया की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु सादर प्रेषित।
2. सूचना अधिकारी, देवरिया को इस आशय से प्रेषित की जनपद के समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन कराना सुनिश्चित करें तथा विज्ञापन की पेपर कटिंग कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. केन्द्रीय नाजिर नजारत अनुभाग को जिला न्यायालय के सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।
4. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।

Kumari Archana
(अर्चना–।। ) 03/9/2026
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/
सिविल जज (एस0डी0)
देवरिया।